**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 21 फ़रवरी 2025, समय 1305 (5 मिनट)**

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे पी नड्डा ने कहा है कि पिछले दस वर्षों में स्वास्थ्य पर होने वाला खर्च 64 प्रतिशत से घटकर लगभग 39 प्रतिशत रह गया है। नई दिल्ली में अंतर्राष्ट्रीय स्वास्थ्य संवाद के 12वें संस्करण को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जन-आरोग्य योजना के साथ-साथ राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन और अन्य योजनाओं के तहत प्रदान की जाने वाली सेवाओं के कारण स्वास्थ्य पर होने वाले खर्च में कमी आई है। उन्होंने कहा कि सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज प्राप्त करने के उद्देश्य से 2018 में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन-आरोग्य योजना शुरू की गई थी। श्री नड्डा ने कहा कि देश की लगभग 40 प्रतिशत आबादी इस योजना के अंतर्गत आती है। श्री नड्डा ने कहा कि हाल ही में 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों को, चाहे उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति कुछ भी हो, इस योजना में शामिल किया गया है।

**************************************************************************

शहरी स्थानीय निकाय चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के कई उम्मीदवार निर्विरोध चुने गए हैं। करनाल नगर निगम के वार्ड 8 और वार्ड 11 में भारतीय जनता पार्टी के पार्षद पद के उम्मीदवार निर्विरोध चुने गए हैं। वार्ड 8 से संकल्प भंडारी निर्विरोध और वार्ड नंबर-11 से संजीव मेहता निर्विरोध चुने गए उन्हें जीत का सर्टिफिकेट दे दिया गया है। करनाल के अब 20 वार्ड में चुनाव होगा। उधर थानेसर नगर परिषद चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के वार्ड 32 से उम्मीदवार सुधीर चुघ और वार्ड 7 से भी भाजपा उम्मीदवार निशा मदान को भी निर्विरोध चुन लिया गया है ।वार्ड 7 से निशा मदान के मुकाबले में एकमात्र आजाद उम्मीदवार सतीश कौशिक ने अपना नामांकन वापस ले लिया। वार्ड 32 से कांग्रेस उम्मीदवार व आम आदमी पार्टी उम्मीदवार ने भी अपना नामांकन वापस ले लिया। जिसके बाद सुधीर चुघ निर्विरोध चुन लिए गए। अब थानेसर नगर परिषद में 30 वार्डों में चुनाव लड़ा जाएगा।

***********************************************************************

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो द्वारा क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क सिस्टम (सीसीटीएनएस) की मासिक रैकिंग मे हरियाणा पुलिस ने वर्ष-2024 में 10वीं बार प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इसके लिए पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने सी सी टी एन एस की पूरी टीम को बधाई दी है।राज्य अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के निदेशक शिवास कबिराज ने बताया कि सी सी टी एन एस को विकसित करने का उद्देश्य अपराध की जांच और अपराधियों की धरपकड़ के लिए एक व्यापक और एकीकृत प्रणाली विकसित करना है।

**********************************************************************

सर्दी के बाद बढ़ रहे तापमान की वजह से भिवानी जिला के विभिन्न क्षेत्रों में फसलों में चेपा रोग के लक्षण देखे जा रहे है।भिवानी के कृषि विज्ञान केंद्र से कृषि विशेषज्ञ डा. गुलाब सिंह ने

बताया कि सरसों व गेहूं में लगने वाले चेपा रोग की वजह से फसल के दाने नहीं पकते है, जिससे फसल में पैदावार कम होती है।इस रोग पर नियंत्रण को लेकर डॉ गुलाब सिंह ने कहा

उन्होंने कहा कि किसानों को चपा रोग से बचने के लिए फसल बिजाई करने से पहले बीज उपचार विधि को अपनाना चाहिए। जब फसल पककर तैयार हो जाए तो एक ग्राम **bavistin** एक लीटर पानी में घोल कर छिड़काव करना चाहिए।

*************************************************************************

कुरुक्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने जिला के अल्ट्रासाउंड केन्द्रों की जांच का कार्य शुरू कर दिया है। जिले के सभी 57 अल्ट्रसाउंड केन्द्रों की जांच रिपोर्ट आगामी 7 दिनों में प्रशासन को सौंपी जाएगी। उप जिला चिकित्सा अधिकारी डा. रमेश सभ्रवाल ने बताया कि उपायुक्त नेहा सिंह के आदेशानुसार शहर के अन्य अल्ट्रासाउंड केन्द्रों की जांच का कार्य किया जा रहा है, जहां कहीं भी अनियमिता पाई गई तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई भी अमल में लाई जाएगी।

***************************************************************************

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा संचालित करवाई जाने वाली डीएलएड की रि-अपीयर व मर्सी चांस की परीक्षा के प्रवेश-पत्र उपलब्ध हो गए हैं। बोर्ड के सचिव अजय चोपड़ा ने बताया कि सभी संस्थान के प्राचार्य या मुखिया संस्था की लॉग इन आईडी से तिथि-पत्र अनुसार पात्र छात्र-अध्यापकों के प्रवेश-पत्र डाउनलोड कर सकते है। डीएलएड की परीक्षाएं 3 मार्च से आरंभ हो रही हैं।

***************************************************************************

हरियाणा के खेल मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि अब खेल नर्सरियों में खिलाड़ियों की बायोमेट्रिक हाजिरी लगेगी और हाजिरी पूरी होने पर ही उन्हें  खुराक भत्ता दिया जाएगा।उन्होंने कहा कि इससे पारदर्शिता रहेगी और योग्य खिलाड़ियों को लाभ मिलना सुनिश्चित होगा। उन्होंने कहा कि फिलहाल पंचकूला के ताऊ देवीलाल खेल स्टेडियम की नर्सरी के खिलाड़ियों की बायोमेट्रिक से हाजिरी शुरू करवाई जाएगी और इसमें सफलता मिलने पर प्रदेश के अन्य स्टेडियमों व खेल नर्सरी वाले स्कूलों में बायोमेट्रिक हाजिरी शुरू की जाएगी।